ceedchandauli170@gmail.com

उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड कार्यालय,उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)–चन्दौली।

पत्रांक 8029 /पेपर कटिंग / 302 दिनांक 07/11/2026

सेवा में,

जिलाधिकारी,
जनपद चन्दौली।

विषयः–दैनिक समाचार पत्र "हिन्दुस्तान" में प्रकाशित समाचार शीर्षक "दो ब्लाकों में नहीं बन सके दस ओवरटैंक" के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक हिन्दी "हिन्दुस्तान" में दिनांक– 07.11.2026 को प्रकाशित शीर्षक "दो ब्लाकों में नहीं बन सके दस ओवरटैंक" के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विकासखण्ड चहनियॉ, नियामताबाद एवं सकलडीहा के पेयजल योजनाओ का विवरण निम्नवत् हैः–

विकासखण्ड चहनियॉ के 01 पेयजल योजनाओ का विवरण निम्नवत् हैः–

1. जमालपुर पेयजल योजना में जल जमाव होने के कारण कार्य बाधित है।

विकासखण्ड नियामताबाद के 07 पेयजल योजनाओं का विवरण निम्नवत् हैः–

1. हमीदपुर पेयजल योजना हेतु हमीदपुर ग्राम से सटे हुए राजस्व ग्राम गोपालपुर में भूमि उपलब्ध करायी गयी है।
2. कुण्डा खुर्द पेयजल योजना हेतु 0.0490 हे0 भूमि उपलब्ध करायी गयी है।
3. गोपालपुर पेयजल योजना में जल जमाव होने के कारण कार्य बाधित है।
4. देवई पेयजल योजना में भूमि उपलब्ध करायी गयी है, फसल कटते ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
5. धपरी पेयजल योजना में राजस्व विभाग के द्वारा भूमि चिन्हित की गयी है, फसल कटते ही कार्य प्रारम्भ किया जायेगा।
6. बिसोरी पेयजल योजना में राजस्व विभाग के द्वारा भूमि उपलब्ध कराया गया है।
7. ताहिरपुर पेयजल योजना में कोर्ट स्टे होने के कारण कार्य बाधित है।

विकासखण्ड सकलडीहा के 03 पेयजल योजनाओ का विवरण निम्नवत् हैः–

1. सेवखर खुर्द योजना में राजस्व विभाग के द्वारा भूमि उपलब्ध नही कराया गया है।
2. धरहरा पेयजल योजना में कोर्ट स्टे होने के कारण कार्य बाधित है। दूसरी भूमि चिन्हित कर फर्म को उपलब्ध करा दिया गया है।
3. बिसुन्धरी पेयजल योजना में कोर्ट स्टे होने के कारण कार्य बाधित है।

उक्त के क्रम में सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित कर दिया गया है कि तत्काल निस्तारित भूमि पर कार्य प्रारम्भ कराते हुये समस्त गृह जल संयोजनो में नियमित पेयजल की आपूर्ति कराना सुनिश्चित करे।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(विवेक कुमार)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।
प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबंध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, चन्दौली।
5. मुख्य अभियन्ता (वारा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।
6. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), वाराणसी।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

हिन्दुस्तान

सकलडीहा-नियामताबाद ब्लाकों के पांच गांवों में भूमि का पेंच, चार गांवों में जमीन मिली पर नहीं हुआ काम

दो ब्लॉकों में नहीं बन सके दस ओवरटैंक

पीडीडीयू नगर, वरिष्ठ संवाददाता जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में ग्रामीणों को शुद्ध और साफ पानी घर-घर तक पहुंचाने की परियोजना परिवान नहीं चढ़ पा रही है। विभागीय सुस्ती के चलते कहीं जमीन नहीं मिल पाई है तो कहीं जमीन मिलने के बाद भी कार्यदायी संस्था की ओर से काम शुरू नहीं कराया जा सका है।

जिले में इस तरह से सकलडीहा ब्लाक की तीन और नियामताबाद ब्लाक में सात पेयजल परियोजनाएं अटकी हैं। जिससे आने वाले गर्मी के सीजन में भी पीने का पानी लोगों को नहीं मिल पाएगा। इससे इन गांवों की करीब 25 हजार की आबादी प्रभावित होगी। जबकि मार्च 2027 तक परियोजनाओं को संचालित किया जाना हैं।

जल जीवन मिशन के तहत पीडीडीयू नगर तहसील के नियामताबाद ब्लाक के कुंडा खुर्द, देवई, गोपालपुर, हमीदपुर, धपरी, बिसौरी और ताहिरपुर और गांव में ओवरहेड टैंक, ट्यूबवेल प्रस्तावित है। परियोजना के प्रस्तावित होने के बाद जमीन उपलब्धता का संकट खड़ा हो गया। इसमें कुंडा खुर्द, देवई, गोपालपुर और हमीदपुर में जमीन उपलब्ध होने का दावा किया जा रहा है लेकिन जमीन मिलने के बाद भी यहां काम शुरू नहीं हो पाया है। जबकि भिसौड़ी कुंडा कला में जमीन अब तक नहीं मिल पाई है। यहां लो लैंड के चलते जमीन चिह्नित करने का काम अधर में लटका है। वहीं धपरी में जमीन मिली है मगर मानक से कम भूमि मिलने पर वहां जमीन चिह्नांकन को अंतिम रूप नहीं दिया जा सका है। जिससे सभी जगहों पर काम शुरू नहीं हो पाया है। वहीं ताहिरपुर गांव में भूमि मिलने के बाद काम शुरू हो चुका है।

यही हाल सकलडीहा तहसील के सकलडीहा ब्लाक का है। इस ब्लाक में सेवखर खुर्द, धरहरा और विसुंधरी गांव में ओवरहेड टैंक के साथ ट्यूबवेल आदि का निर्माण कराया जाना है। सेवखर खुर्द में जल निगम अभी जमीन की तलाश कर रहा है। जबकि धरहरा में काम तो शुरू हुआ लेकिन किन्हीं कारणों से मामला कोर्ट में चला गया। जिससे काम आगे नहीं बढ़ पा रहा है। यही हाल विसुंधरी गांव में है। यहां भूमि चिह्नित करने के बाद कार्यदायी संस्था ने काम तो शुरू करा दिया लेकिन यहां भी काम रुका हुआ है।

एक्सईएन विवेक कुमार ने बताया कि जलजीवन मिशन के तहत परियोजनाओं को पूरा कराया जा रहा है। जहां जमीन मिल चुकी है वहां निर्माण कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए गए हैं।

- सकलडीहा ब्लाक की तीन और नियामताबाद ब्लाक में सात पेयजल परियोजनाएं अटकी
- ग्रामीणों को शुद्ध पानी घर-घर तक पहुंचाने की परियोजना परवान नहीं चढ़ पा रही

474 पेयजल परियोजनाओं का होना है निर्माण कार्य

जल जीवन मिशन के तहत जिले विभिन्न ब्लाकों में कुल 474 पेजयल परियोजनाओं का निर्माण कराया जाना है। जल निगम के एक्सईएन ने बताया कि अब तक जिले में 184 परियोजनाओं का पूरा कर पेयजल आपूर्ति शुरू करा दी गई है। बाकी 290 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। कुछ जगहों पर जमीन की उपलब्धता को लेकर दिक्कत है। वहां जमीन की तलाश कर शेष कार्यों को मार्च 2027 तक पूरा कराने का लक्ष्य रखा गया है।



चहनियां विकास खंड के जमालपुर गांव में अधूरा पड़ा टंकी का निर्माण कार्य। • हिन्दुस्तान

Scanned with OKEN Scanner